# REPORT OF NSS SEVEN DAYS SPECIAL CAMP HELD FROM 05 MARCH TO 11 MARCH 2025 AT JONDHI VILLAGE NEAR JHAJJAR

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन गाँव जौंधी में 05.03.2025 से 11.03.2025 तक किया गया । शिविर में सभी पाठ्यक्रमों और अध्ययन के वर्षों के छात्रों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों का रात्रि विश्राम जौंधी गाँव के मंदिर परिसर में था।

**पहला दिन : 5 मार्च 2025**

आज दिनांक 5 मार्च 2025 को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरु महाविद्यालय की एन. एस. एस. इकाई एक और दो के सात दिवसीय शिविर की गाँव जौंधी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीनाक्षी व श्री विकास सुहाग के नेतृत्व में शुरुआत की गई | कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और एन. एस. एस. गीत से की गई | इस सात दिवसीय शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर दलबीर सिंह, प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर नेहरु महाविद्यालय रहे | उन्होंने स्वयंसेवकों को संभोधित करते हुए कहा की इस सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवक सभी कार्य स्वयं करते है जैसे की खाना बनाना, सफाई करना, सामान का रखरखाव, आम जन को सामाजिक समस्यों के प्रति जागरूक करना | उन्होंने स्वयंसेवकों को को शुभकामनाएं देते हुए कहा की आप सभी सौभाग्यशाली है की आपको अन्य विद्यार्थियों से ज्यादा अवसर मिल रहे है ताकि आप अपनी क्षमताओं की निखर सकें | इस कार्यक्रम में गाँव के सरपंच के पूज्य पिताजी एवं मंदिर कमेटी के सदस्य व मंदिर के संत शामिल हुए | कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास सुहाग ने गाँव के सरपंच व गणमान्य व्यक्तिओं का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया | दोपहर के भोजन से पहले सभी स्वयंसेवकों ने एक दूसरे के परिचय के तहत अपनी अपनी क्षमताओं एवं कमीओं के बारे

में बताया| दोपहर के भोजन के पश्चात जौंधी गाँव की व्यायामशाला और पार्क में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया व बाद में रैली निकालकर पूरे गाँव के व्यक्तिओं को सफाई के प्रति जागरूक किया| स्वच्छता रैली आयोजन के बाद सांस्कृतिक गतिविधिओं व खेलकूद गतिविधिं करवाई गयी









पार्क एवं व्यायामशाला
गांव:- जौन्धी, जिला:- झज्जर
यहाँ पधारने पर आपका स्वागत है।
सरपंच एवं समस्त ग्रामवासी
राष्ट्रीय सेवा योजना
विशेष शिविर
राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर
स्वच्छ भारत
स्वस्थ भारत
NSS UNIT - II
GPS Map Camera
Jaundhi, Haryana, India
Jmj8+qjw, Jaundhi, Haryana 124102, India
Lat 28.632236° Long 76.665708°
05/03/2025 02:13 PM GMT +05:30
Google

दैनिक भास्कर

झज्जर भास्कर 06-03-2025

# नेहरू कॉलेज के एनएसएस कैंप का जौंधी गांव में आगाज




झज्जर | राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो का सात दिवसीय शिविर बुधवार को जौंधी गांव में शुरू हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में शिविर का आयोजन हो रहा है। प्राचार्य प्रो. दलबीर सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को खाना बनाने, सफाई व्यवस्था और जागरूकता अभियानों के कार्य खुद करने होंगे। स्वयंसेवकों ने गांव की व्यायामशाला और पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। रैली निकालकर ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया। सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिक और मंदिर समिति के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी विकास सुहाग ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का जौंधी गांव में आगाज

झज्जर • विज्ञप्ति : राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो का सात दिवसीय शिविर बुधवार को जौंधी गांव में शुरू हुआ।

शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डा. मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में किया जा रहा है। प्राचार्य प्रो. दलबीर सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस कैंप के दौरान विद्यार्थियों को खाना बनाने, सफाई व्यवस्था से लेकर विभिन्न जागरूकता अभियानों के कार्य खुद करने होंगे। विद्यार्थियों के पास अवसर की कमी नहीं है और अपनी क्षमताओं को निखारने का भरपूर अवसर है।

शिविर की शुरुआत में स्वयं सेवकों ने अपना परिचय दिया और अपनी क्षमताओं और कमियों के बारे में बताया। उन्होंने जौंधी गांव की व्यायामशाला और पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया और रैली निकालकर ग्रामीणों को सफाई के बारे में जागरूक किया। इस दौरान सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिक और मंदिर समिति के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी विकास सुहाग ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

Dainik Jagran

रोहतक, गुरुवार, 6 मार्च 2025
haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ आगाज

**झज्जर**। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो का सात दिवसीय शिविर बुधवार को जौंधी गांव में शुरू हुआ। शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में किया जा रहा है। प्राचार्य दलबीर सिंह ने शिविर का शुभारंभ किया। इस कैंप के दौरान विद्यार्थियों को खाना बनाने, सफाई व्यवस्था से लेकर विभिन्न जागरूकता अभियानों के कार्य खुद करने होंगे। विद्यार्थियों के पास अवसर की कमी नहीं है और अपनी क्षमताओं को निखारने का भरपूर अवसर है। स्वयंसेवकों ने अपना परिचय दिया और अपनी क्षमताओं और कमियों के बारे में बताया। जौंधी गांव की व्यायामशाला और पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया और रैली निकालकर ग्रामीणों को सफाई के बारे में जागरूक किया।

गतिविधियां के कारण हो रहा है।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आगाज

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय झज्जर की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में बुधवार को जौंधी गांव में शुरू हुआ। प्राचार्य प्रो. दलबीर सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया।

स्वयंसेवकों ने जौंधी गांव की व्यायामशाला, पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया और रैली निकालकर ग्रामीणों को सफाई के बारे में जागरूक किया। इस दौरान सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिक और मंदिर समिति के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी विकास सुहाग ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संवाद

Amar Ujala

**दूसरा दिन: 06 मार्च 2025**

आज दिनांक 6 मार्च 2025 को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एन एस एस इकाई एक और दो के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीनाक्षी व श्री विकास सुहाग के नेतृत्व में दूसरे दिन की शुरुआत योग सत्र से की गई | इसके पश्चात गायत्री मंत्र, प्रार्थना व एन एस एस मंगल गीत गाया गया | सभी स्वयंसेवकों ने युवा भारत के लिए थीम पर नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया | जिसका निर्णय श्रीमती प्रीति रानी सहायक प्रोफेसर रसायन शास्त्र ने किया | जो आज के कार्यक्रम की मुख्य वक्ता थी | प्रीति रानी ने स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए कहां कि एन एस एस की जिम्मेदारी के तहत ही प्रत्येक विद्यार्थी अपने जीवन में सभी आवश्यक सुधार ला सकता है | एन एस एस स्वयंसेवक समाज सुधारक का कर्तव्य बखूबी निभाते हैं और समाज की कुरीतियो को दूर कर सकते हैं | सभी स्वयंसेवकों को एकता का महत्व समझाते हुए अपने जीवन को नई ऊंचाईयों तक पहुंचा सकते हैं | श्रीमती प्रीति रानी ने अपने एन एस एस के अनुभव भी स्वयंसेवकों संग सांझा किए | इसके पश्चात लंच का आयोजन किया गया जो कि स्वयंसेवकों द्वारा बनाया गया था | लंच के पश्चात पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय "बाल विवाह" रखा गया | पोस्टर मेकिंग के बाद सभी स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकालकर "बाल विवाह" जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ लोगों को जागरूक किया व सभी ग्रामवासियों से अपील की अपनी बच्चियों का विवाह सही उम्र में ही शादी करनी चाहिए व उनको खुब पढ़ाना लिखाना चाहिए व अपने पैरों पर खड़ा होना सीखाना चाहिए | रैली के पश्चात लड़कों और लड़कियों की एन एस एस इकाई के स्वयंसेवकों समूह विचार विमर्श किया और अपने सुझाव दिए किस प्रकार बाल विवाह पर रोकथाम हो सके। रात्रि भोजन से पहले खेल गतिविधियां कि गई |


राष्ट्रीय सेवा योजना
National Service Scheme
(Not Me But You)
7 DAYS SPECIAL CAMP
Organised By


राष्ट्रीय सेवा योजना
National Service Scheme
(Not Me But You)


राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर
राष्ट्रीय सेवा योजना
Unit - I
Not me But you
सात दिवसीय शिविर
National Service Scheme
(Not Me But You)
7 DAYS SPECIAL CAMP
Organised By
NSS UNIT - II
NSS 7 DAYS CAMP
UNIT I (Girls)
(Boys)


Service Scheme

दैनिक भास्कर
झज्जर भास्कर 07-03-2025

# बाल विवाह की कुरीति के बारे में बताया



झज्जर | राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय झज्जर की एनएसएस इकाई एक और दो के जौंधी गांव में आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में किया जा रहा है। दूसरे दिन विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया तथा गायत्री मंत्र, प्रार्थना और एनएसएस मंगल गीत गाए। भारत के लिए युवा थीम पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रसायन शास्त्र प्राध्यापिका प्रीति रानी ने विस्तार व्याख्यान दिया और कहा कि एनएसएस शिविर में भाग लेकर विद्यार्थी अपने जीवन में आवश्यक सुधार कर सकते हैं और समाज में भी सुधार कर सकते हैं। बाल विवाह पर केंद्रित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और स्वयंसेवकों ने गांव में बाल विवाह पर केंद्रित जागरूकता रैली निकाली।

**तीसरा दिन: 7 मार्च 2025**

आज दिनांक 7 मार्च 2025 को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की एन एस एस इकाई एक और दो के स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओ ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीनाक्षी व श्री विकास सुहाग के नेतृत्व में तीसरे दिन की शुरुआत योगासन से की गई | गायत्री मंत्र व एन एस एस मंगल गीत गाकर एकता का संदेश दिया | इसके बाद "डिजिटल इंडिया " पर डिबेट का कार्यक्रम किया गया जिसमें कुल पांच टीमों ने पक्ष और विपक्ष में अपने-अपने सुझाव रखें सभी स्वयंसेवकों ने विस्तार में जानकारी दी | किस प्रकार आज सभी घर पर रहकर भी आई आई टी द्वारा उत्पन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रम से ज्ञान को बढ़ा सकते हैं व डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं सभी प्रकार के पाठ्यक्रम व अध्ययन सामग्री भी ऑनलाइन उपलब्ध है जो कि सरकारी मान्यता प्राप्त है और सभी नोकरीयो के लिए मान्य है | इसके पश्चात अग्निशमन अधिकारी श्री सचिन, प्रवीण ढुल्ल ( लैंडिंग फायर ऑपरेटर ) व आशीष दलाल ( फायर ऑपरेटर ) द्वारा आग जलने पर विस्तृत जानकारी दी गई | उन्होंने लाइव डेमोन्स्ट्रोट करके भी सभी स्वयंसेवकों को समझाया कि आपात स्थिति में हम कैसे आग को विकराल रूप धारण करने से रोक सकते हैं | लंच के पश्चात "महिला सशक्तिकरण" / "शी पावर" विषय पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें प्रत्येक स्वयंसेवक ने अपने विचार साझा किए | इस अवसर पर रवि शर्मा MA JMC , अनिल कुमार बी ए तृतीय वर्ष व तनु ने कविता प्रस्तुत की | सभी विचारों को सुनकर सभी स्वयंसेवकों ने घूम कर सभी ग्रामवासियों को नारी शक्ति / सशक्तिकरण व अन्य नारी उत्पीड़न जैसे कुरीतियों पर रैली निकाली | रवि शर्मा ने रैली के दौरान ही स्वयं के द्वारा लिखी गई दो कविताओं से ग्रामवासियों को जागरूक किया रैली के पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने नारी शक्ति पर गाना व कविता जैसी प्रस्तुति की टीमे बनाकर किक्रेट व बैडमिंटन जैसे खेल खेलें गए और अंत में सभी स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन खाया |




GPS Map Camera
Google
Jaundhi, Haryana, India
Jmm8+6pr, Jaundhi, Haryana 124102, India
Lat 28.633576° Long 76.666457°
07/03/2025 12:28 PM GMT +05:30




# शिविर में डिजिटल इंडिया पर की चर्चा



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का तीसरा दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में रहा। इस दौरान स्वयंसेवकों ने डिजिटल इंडिया पर डिबेट का आयोजन किया। साथ ही कार्यक्रम में अग्निशमन अधिकारी सचिन, प्रवीण ढुल और आशीष दलाल ने आगजनी पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान महिला सशक्तिकरण पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रवि शर्मा, अनिल कुमार और तन्नू ने कविता

**Amar Ujala**

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jhajjar 08.03.2025 - 0



## खबर संक्षेप



झज्जर। स्वयंसेवकों को फायर सेफ्टी की जानकारी देते हुए विभागीय टीम सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## स्वयंसेवकों को दी फायर सेफ्टी की जानकारी

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में जौंधी गांव में आयोजित सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने डिजिटल इंडिया पर डिबेट का आयोजन किया। घर पर रहकर भी कई तकनीकी कोर्स कर सकते हैं तथा सभी प्रकार के पाठ्यक्रम और विषय सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध है, जो मान्यता प्राप्त भी हैं। अग्निशमन अधिकारी सचिन, प्रवीण ढुल और आशीष ने आगजनी पर जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार आपदा की स्थिति में आग पर काबू पाया जा सकता है। महिला सशक्तिकरण पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

**चौथा दिन : 08 मार्च 2025**

आज दिनांक 8 मार्च 2025 को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की एन एस एस इकाई एक और दो के स्वयंसेवको व स्वयंसेविकाओ ने सात दिवसीय एन एस एस शिविर के चोथे दिन का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीनाक्षी व श्री विकास सुहाग के नेतृत्व में गायत्री मंत्र व प्रार्थना से किया | सभी स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओ ने एन एस एस गीत गाया व योगासनो का अभ्यास किया | नाश्ते के पश्चात महाविद्यालय के दिक्षांत समारोह के लिए सभी स्वयंसेवक महाविद्यालय पहुंचे | वहां पर स्वयंसेवकों ने अनुशासन बनाए रखने में मदद की | सबसे पहले स्वयंसेवकों ने पंक्ति बनाकर आंगतुको व डिग्रीधारीयो को सभास्थल तक पहुंचने में दिशा निर्देश व स्वागत किया | स्वयंसेवको के एक समूह ने विशिष्ट अतिथिगणों कि बैठक व्यवस्था मे मदद की पानी वितरण व डिग्री धारकों को रिफ्रेशमेंट में स्वयंसेवकों ने अपना सहयोग दिया गया | सभास्थल की सजावट में स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग दिया गया | इन्हीं स्वयंसेवकों में से दस स्वयंसेवकों को डिग्री भी प्रदान कि गई | मुख्य अतिथि डॉ अरविंद कुमार शर्मा द्वारा व अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दिए गए व्यक्तव्य से लाभान्वित हुए | इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने डिग्री धारकों को रिफ्रेशमेंट प्रदान करने में सहयोग दिया व दीक्षांत समारोह के समापन के पश्चात लंच ग्रहण किया | इसके पश्चात कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद गतिविधि की गई |


GPS Map Camera
Google
Jhajjarrural, Haryana, India
Jm6p+wwx, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612572° Long 76.686459°
08/03/2025 09:23 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Jhajjarrural, Haryana, India
Jm6p+wwx, Jhajjarrural, Haryana 124104, India
Lat 28.612618° Long 76.685753°
08/03/2025 09:32 AM GMT +05:30





# नेहरू कॉलेज में एनएसएस शिविर आयोजित

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय झज्जर की एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में चौथे दिन संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों ने गायत्री मंत्र का पाठ किया। स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया और नेहरू कॉलेज के दीक्षांत समारोह के आयोजन में सहयोग दिया। उन्होंने अनुशासन बनाए रखने में मदद की और आगंतुकों और डिग्री धारकों को सभा स्थल तक पहुंचने का निर्देश दिया और पेयजल वितरण और रिफ्रेशमेंट में सहयोग दिया। संवाद



झज्जर। पेयजल वितरण करते हुए स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

## शिविर में स्वयंसेवकों ने किया योगाभ्यास

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में चौथे दिन भी शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने गायत्री मंत्र का पाठ किया। स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया और नेहरू कॉलेज के दीक्षांत समारोह के आयोजन में सहयोग दिया। उन्होंने अनुशासन बनाए रखने में मदद की और आगंतुकों और डिग्री धारकों को सभा स्थल तक पहुंचने का निर्देश दिया और पेयजल वितरण और रिफ्रेशमेंट में सहयोग दिया।

**पांचवा  दिन:  09 मार्च 2025**

आज दिनांक 9 मार्च 2025 को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की इकाई एक और दो के एन एस एस स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीनाक्षी व श्री विकास सुहाग के नेतृत्व में एन एस एस सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत गायत्री मंत्र, प्रार्थना व एन एस एस गीत से की | इसके पश्चात योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग के नेतृत्व में आठ योगासनो का अभ्यास किया जिसमें शीर्षासन, सूर्यनमस्कार, वज्रासन व अन्य प्रमुख योगासनो का अभ्यास सभी स्वयंसेवकों ने किया | इन्हीं के साथ श्री नवीन गोदारा प्रेरणा वक्ता ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सोने कि चिड़िया था, है और रहेगा तथा आप सभी युवा उस सोने की चिड़िया के पंख हो उन्होंने कहा सभी को कृतज्ञता / पूर्णतया की अनुभूति रखनी चाहिए तभी ब्रह्मांड आपको ऐसा असंख्य अवसर प्रदान करेगा जिससे आप जीवन में तरक्की कर सकोगे | और आत्मा सुधार मन को ठीक करने के लिए पहले योग द्वारा शरीर को आराम दिजिए इसके बाद ध्यान  कीजिए ताकि आप अपने विचारों की गुणवत्ता में सुधार कर सको | इनके सत्र के बाद स्वयंसेवकों ने हार्टफुलनेस सोसाइटी के श्री फुल सिंह ढाका वह उनके सुपुत्र श्री विनोद सिंह ढाका आत्मा ध्यान को " सहज मार्ग" से प्राप्त करना पर उनके विचार सुने श्री फूल सिंह ढाका जो कि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी रहे ने 15 मिनट का ध्यान सत्र लाइव प्रदर्शन दिया और सभी स्वयंसेवकों ने उनके साथ इसका अभ्यास किया | उन्होंने पतंजलि का अष्टांग योग की आठ नियम को आखरी नियम समाधि तक कैसे पहुंचा जाए और दिव्य अनुभूति कैसे ली जाए को उसको गहराई से समझाया व करके दिखाया | इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने दोपहर का भोजन किया वह जौंन्धी गांव के  पार्कों में साफ सफाई अभियान चलाया जिससे कि ग्रामवासी साफ पार्क में सुविधाओं का आनंद उठा सके | सफाई के पश्चात स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य , संगीत, कविता इत्यादि प्रस्तुतियां प्रस्तुत की | खेलने की गतिविधियां भी की गई जिसमें स्वयंसेवकों ने आनंद और उत्साह से भाग लिया | फिर सभी स्वयंसेवकों ने रात्रि भोजन किया |


GPS Map Camera
Google
Jaundhi, Haryana, India
Jmm8+6pr, Jaundhi, Haryana 124102, India
Lat 28.633909° Long 76.666355°
09/03/2025 11:16 AM GMT +05:30


राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर
राष्ट्रीय सेवा योजना
Unit - I
Not me
But you
सात दिवसीय शिविर
National Service Scheme
(Not Me But You)
7 DAYS SPECIAL CAMP
Organised By
NSS UNIT - II
GOVT. P.G. NEHRU COLLEGE, JHAJJAR
GOVT. P.G. NEHRU CLG
7 DAYS CAMP
UNIT-I
UNIT-II
GPS Map Camera
Google
Jaundhi, Haryana, India
Jmm8+6pr, Jaundhi, Haryana 124102, India
Lat 28.633906° Long 76.666344°
09/03/2025 11:34 AM GMT +05:30



National Service Scheme
(Not Me But You)
राष्ट्रीय सेवा योजना
GPS Map Camera
Jaundhi, Haryana, India
Jmm8+6pr, Jaundhi, Haryana 124102, India
Lat 28.633814° Long 76.66637°
09/03/2025 11:44 AM GMT +05:30
Google




GPS Map Camera
Jaundhi, Haryana, India
Jmm8+6pr, Jaundhi, Haryana 124102, India
Lat 28.633645° Long 76.666286°
09/03/2025 12:00 PM GMT +05:30
Google


heartfulness
GPS Map Camera
Jaundhi, Haryana, India
Jmm8+6pr, Jaundhi, Haryana 124102, India
Lat 28.633714° Long 76.666335°
09/03/2025 01:15 PM GMT +05:30
Google






GPS Map Camera
Jaundhi, Haryana, India
Jmm8+6pr, Jaundhi, Haryana 124102, India
Lat 28.633718° Long 76.666368°
09/03/2025 06:15 PM GMT +05:30
Google

# स्वयंसेवकों ने किया ध्यान और योगाभ्यास



झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन भी जौंधी गांव में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने योगाचार्य जगदीश सहवाग के निर्देशन में योगासनों का अभ्यास किया। जिनमें शीर्षासन, सूर्य नमस्कार, वज्रासन प्रमुख रहे। प्रेरक वक्ता नवीन गोदारा ने बताया कि भारत आज भी सोने की चिड़िया है और सभी युवा इस चिड़िया के पंख हैं। सबमें कृतज्ञता की भावना होनी चाहिए तभी ब्रह्मांड हमें असंख्य अवसर प्रदान करेगा और जीवन में तरक्की मिलेगी। मन को शांत रखने के लिए योगाभ्यास करना और ध्यान करना चाहिए, जिससे विचारों की गुणवत्ता बढ़ेगी। शिविर में हार्टफुलनेस केंद्र के प्रतिनिधि और रिटायर्ड खंड शिक्षा अधिकारी फूल सिंह ढाका और विनोद ढाका ने ध्यान की सहज मार्ग से विधि के बारे में बताया।

**Haribhoomi**

# स्वयंसेवकों ने ध्यान और योगाभ्यास किया



झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो के सात दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में पांचवें दिन भी जौंधी गांव में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने योगाचार्य जगदीश सहवाग के निर्देशन में योगासनों का अभ्यास किया। प्रेरक वक्ता नवीन गोदारा ने बताया कि मन को शांत रखने के लिए योगाभ्यास करना और ध्यान करना चाहिए। शिविर में हार्टफुलनेस केंद्र के प्रतिनिधि और रिटायर्ड खंड शिक्षा अधिकारी फूल सिंह ढाका और विनोद ढाका ने ध्यान की सहज मार्ग से विधि के बारे में बताया। संवाद

**Amar Ujala**

दैनिक भास्कर
झज्जर भास्कर 10-03-2025

# शीर्षासन, सूर्य नमस्कार और वज्रासन का किया अभ्यास



झज्जर|राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की एनएसएस इकाई 1-2 ने सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन जौंधी गांव में कई गतिविधियां हुईं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी और विकास सुहाग के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया और नेहरू कॉलेज के दीक्षांत समारोह की तैयारियों में सहयोग दिया। योगाचार्य जगदीश सहवाग ने स्वयंसेवकों को शीर्षासन, सूर्य नमस्कार और वज्रासन का अभ्यास कराया। नवीन गोदारा ,हार्टफुलनेस केंद्र के प्रतिनिधि और रिटायर्ड खंड शिक्षा अधिकारी फूल सिंह ढाका,विनोद ढाका ने सहज मार्ग से ध्यान की विधि बताई। उन्होंने 15 मिनट तक ध्यान का अभ्यास करवाया और पतंजलि के अष्टांग योग के अंतिम सोपान समाधि तक पहुंचने की प्रक्रिया समझाई।

**छठा दिन : 10 मार्च 2025**

आज दिनांक 10 मार्च 2025 को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की एन एस एस इकाई एक और दो के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीनाक्षी व श्री विकास सुहाग के नेतृत्व में छठे दिन का शुभारंभ योगासनो से किया | स्वयंसेवकों ने गायत्री मंत्र व प्रार्थना, एन एस एस लक्ष्य गीत से छठे दिन की शुरुआत की | नाश्ते के बाद स्वयंसेवकों ने गांव के पार्क में जाकर सफाई की व गांव के दोनों ही पार्कों का काया कल्प ही कर दिया | स्वच्छता अभियान के पश्चात स्वयंसेवकों ने श्री फूल सिंह ढाका जी के द्वारा हार्टफूलनेस की तरफ से दूसरे दिन का सत्र में भाग लिया | श्री फूल सिंह ढाका ने दूसरे दिन में "स्थूल विचारों की सफाई" की तरफ अपना कदम बढ़ाया | उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों पुराने विचारों जो कि मस्तिष्क व शरीर पर बोझ का काम करते हैं को इस विधि के द्वारा साफ कर सकते हैं व फोन की तरह ही अपने विचारों को भंडारण से समाप्त कर सकते हैं| अपने व्यक्तव्य के बाद श्री फूल सिंह ढाका ने 15 मिनट का लाइव प्रदर्शन करवाया जिसके सभी स्वयंसेवकों ने भाग लिया | इसके बाद श्री फूल सिंह ढाका के साथ आए हुए उनके नातिन द्वारा बीजों से पौधे बनाए हुए 11 पौधे भेंट की इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने गांव के दोनों राजकीय विद्यालयों में "बातचीत सत्र" चलाया जिसमें स्वयंसेवकों ने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से संवाद संपर्क कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय स्तर पर अपने अनुभव स्कूली विद्यार्थीयों के साथ-साथ साझा किए| विद्यालय के बाद सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया व स्वच्छता अभियान भी चलाया सभी स्वयंसेवकों ने स्वयं खाना बनाकर उसके उपरांत सभी बर्तनों व आस पास की सफाई की | भोजन के पश्चात स्वयंसेवकों ने "सांस्कृतिक गतिविधि " मैं भागीदारी दिखाई रवि शर्मा एम ए द्वितीय वर्ष के छात्र ने "पौधों और इंसानियत" विषय पर स्वयरचित कविता सुना | नीलम एम ए प्रथम वर्ष की छात्रा ने भी "डॉ. मौमिता का बलात्कार " शीर्षक पर कविता सुनाई | इसके पश्चात छात्र यश ने कहानी सुनाई |


National Service Scheme
(Not Me But You)
7 DAYS SPECIAL CAMP
Organised By
NSS UNIT - II
GOVT. P.G. NEHRU COLLEGE, JHAJJAR
राष्ट्रीय सेवा योजना
Not me
Unit - I
But you
सात दिवसीय शिविर
GOVT. P.G. NEHRU CLG
UNIT-I
UNIT-II


GPS Map Camera
Jaundhi, Haryana, India
Jmj8+qjw, Jaundhi, Haryana 124102, India
Lat 28.632312° Long 76.66563°
10/03/2025 11:42 AM GMT +05:30
Google




राजकीय
जौन्धी
3204
(झज्जर)

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jhajjar 11-03-2025 - 11 Mar 2025 - Page 3

# स्वयंसेवकों ने स्कूल के विद्यार्थियों से किया संवाद




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेवक और स्टॉफ कर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक और दो के सात दिवसीय शिविर में छठे दिन भी जौंधी गांव में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने गांव के पार्क में जाकर सफाई की। सोमवार को भी हार्टफुलनेस के प्रतिनिधि फूल सिंह ढाका ने ध्यान की प्रकिया में बताया। उन्होंने कहा कि हम मस्तिष्क और शरीर पर बोझ का काम करने वाले पुराने विचारों को साफ कर सकते हैं और फोन की तरह विचारों को मन की स्टोरेज से डिलीट कर सकते हैं। वहीं अजीत ने 11 पौधे भेंट किए। स्वयंसेवकों ने गांव के दोनों सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों से संवाद किया और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने सफाई अभियान चलाया और सांस्कृतिक गतिविधि आयोजित की। एमए पत्रकारिता द्वितीय वर्ष के छात्र रवि शर्मा ने 'पौधा' और 'इंसानियत' पर तथा छात्रा नीलम ने कलकत्ता गैंगरेप पर केंद्रित स्वरचित

- सफाई अभियान चलाया और सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन किया

**सातवाँ दिन: 11 मार्च 2025**

आज दिनांक 11 मार्च 2025 को गांव जौंन्धी में चल रहे राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर की एन एस एस इकाई एक और दो के एन एस एस शिविर का समापन हो गया, शिविर के अंतिम दिन की शुरुआत योग ,प्रार्थना और एन एस एस गीत के साथ की गई | इसके बाद एन एस एस इकाई एक अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी और एन एस एस इकाई दो अधिकारी विकास सुहाग की अध्यक्षता में अंतिम दिन की आगमी कार्रवाई की गई | इस दौरान नेहरू महाविद्यालय की भौतिक विभाग की प्राध्यापिका ज्योति मुख्य रूप से उपस्थित रही वहीं पर आखिरी दिन के शिविर में गांव जौंन्धी के विद्यालयों के अध्यापको और मंदिर के पुजारी व ग्रामीणों ने अपना योगदान दिया इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवकों के साथ अपने विचार साझा किए | गांव जौंन्धी के राजकीय उच्च विद्यालय की टी जी टी हिंदी की अध्यापिका दलवंती सहरावत ने शिविर स्वयंसेवकों के अध्यापकों के भाव व्यक्त किए उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को अच्छा इंसान बनने के लिए अध्यापकों की भूमिका को बताया की एक अध्यापक बच्चों को अच्छा इंसान बनने में अपनी भूमिका निभाते हैं | इसके बाद गांव जौंन्धी के सूबेदार महासिंह ने सभी को सेना के बारे में जानकारी दी और युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया | वही गांव में मंदिर के पुजारी विवेकानंद ने सभी स्वयंसेवकों को ईश्वर विभिन्न रूपों से अवगत कराया | उन्होंने सभी स्वयंसेवक को के साथ गायत्री मंत्र का जाप किया | इसके बाद सभी स्वयंसेवक को के लिए होली विषय पर निबंध लेखन , स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने लंच किया | वही लंच के बाद आखिरी दिन के दूसरे स्तर की शुरुआत की गई | दूसरे स्तर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी फूल सिंह ढाका उपस्थित हुए, उन्होंने सभी स्वयंसेवक को को मेडिटेशन के बारे में जानकारी दी | मुख्य अतिथि के साथ पहुंची इलिना ढाका ने मेडिटेशन की प्रार्थना करवाई | वहीं उनके बाद रिटायर ऑडिट अधिकारी चंद्र प्रकाश सांगवान व छवि ढाका उपस्थिति रही | इसके बाद मुख्यातिथि ने सभी स्वयंसेवकों को मेडिटेशन की क्रिया करवाई | उन्होंने कहा कि

मेडिटेशन करने से मन को शांति मिलती है और सभी दुख दूर हो जाते हैं | एनएसएस शिविर में इस दौरान सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक इकाई एक में से खुशी और सर्वश्रेष्ठ कैंपर अनु को चुना गया | वही एनएसएस इकाई दो  में से सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक विनय व सर्वश्रेष्ठ कैंपर भरत अहिरवार को चुना गया | वहीं इसके बाद सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया | वहीं इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर होली का पर्व मनाया | इस दौरान सभी ने पानी की बचत करके रंग गुलाल से होली का आनंद लिया | होली खेलने के पश्चात सभी स्वयंसेवको हर्षोल्लास के साथ अपने घरों की तरफ चले गए |




National Service Scheme
(Not Me But You)
7 DAYS SPECIAL CAMP
Organised By
NSS UNIT - II
GOVT. P.G. NEHRU COLLEGE, JHAJJAR
GOVT. P.G. NEHRU CLG
7 DAYS CAMP
UNIT-I
UNIT-II
राष्ट्रीय सेवा योजना



